हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

11 किसानी को बचाने के लिए संगठन गांव और घर तक पहुंचकर हरसंभव कदम उठाएगाः चढूनी



12 अनाजमंडी में सूखी सरसों की आवक बढ़ी, हैफेड ने 59 किसानों की 1105 क्विंटल सरसों खरीदी



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
आप सभी के लिए 100 गज के प्लाट पर
सुनहरा अवसर
30% की छूट* लक्की ड्रा के तहत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**धारूहेड़ा।** एनएच-48 सर्विस रोड पर खिजूरी के पास एक तेज रफ्तार कार से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक को काफी चोटें आई। गांव शादीपुर जिला समस्तीपुर बिहार निवासी दीपक ईश्वर ने वह एक साल से गोल्डन हाइट्स गांव खिजूरी में रह रहा है। 12 मार्च को वह गुरुग्राम से बाइक पर खिजूरी आ रहा था। जब वह एनएच-48 की सर्विस लाईन पर खिजूरी कट से थोडा आगे पहुंचा तो सामने से एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। चालक अपनी कार छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर आए उसके लड़के ने राहगीरों के मदद से उसे निजी अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड घायल

**रेवाड़ी।** एनएच-11 पर भालखी के पास एक अज्ञात गाड़ी की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। गांव सोहडी जिला महेन्द्रगढ निवासी नरेन्द्र सिंह ने कुंड चौकी पुलिस को बताया कि वह फौज से रिटायर्ड है और न्यू रेवाडी रेलवे स्टेशन पर सिक्योरिटी का काम करता है। 14 मार्च को सुबह करीब 11 बजे अपने गांव से ड्यूटी के लिए बाइक पर निकला था। जब करीब 1 बजे वह एनएच-11 भालखी शराब ठेके के पास पहुंचा तो सामने से एक गाड़ी चालक तेज रफ्तार से उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। मौका देखकर चालक गाड़ी को भगा ले गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे तेल डिपो के पास से एक युवक को सट्टा खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि इंद्रा कॉलोनी निवासी अंकित कॉलोनी के पास सट्टा खाईवाली का काम करता है तथा रेलवे तेल डिपो के पीछे लोगों को बुलाकर सट्टा लगवा रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी के पास एक बोगस ग्राहक भेजकर 50 रुपये का नोट देकर सट्टा लगवाया व सट्टा पर्ची हासिल करके युवक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अंकित निवासी इंद्रा कॉलोनी बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर पुलिस ने 2170 रुपये व बोगस ग्राहक की ओर से दिया गया 50 रुपए का नोट बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**रेवाड़ी।** आयुष मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार-प्रसार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक विजेता को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति और संगठन 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

### अंडरपास की सफाई व्यवस्था पर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

# साढ़े तीन साल में दयनीय हालत में पहुंचा डबल फाटक अंडरपास, टूटकर बिखर गया टीनशेड, सफाई पर नहीं ध्यान

- लाइटों का भी नहीं है प्रबंध दिन में भी लाइटें जलाकर निकल रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

शहरवासियों की सुविधा के लिए बनाए गए डबल फाटक अंडरपास की हालत दयनीय होती जा रही है। प्रशासन की ओर से अंडरपास शुरू होने के बाद से इस पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान में अंडरपास की दिवारों का प्लास्टर बिखर रहा है। डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो चुके है। यहां तके कि अंडरपास में सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह कचरा जमा हो रहा है। लोगों की सुविधा के लिए सितंबर 2021 में शुरू हुए शहर के डबल फाटक अंडरपास की साढ़े तीन साल में ही हालत बिगड़ गई है। करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से बने अंडरपास में आज तक लाइटें तक नहीं चालू हो पाई है। वाहन चालकों को दिन में भी वाहनों की लाइटों का सहारा लेना पड़ रहा है। अंधेरा होने के कारण अंडरपास से तेज गति से गुजरते वाहनों से हर समय दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। अंडरपास के फुटपाथ की हालत ज्यादा खराब हो चुकी है।







रेवाड़ी। अंडरपास का टूटा पड़ा हुआ डिवाइडर, अंडरपास में सड़क किराने जमा गंदगी, अंडरपास का टूटकर बिखरा टीनशेड। फोटो :हरिभूमि

### टीनशेड हो चुका जर्जर, होर्डिंग्स की भरमार

डबल फाटक अंडरपास का टीनशेड भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होका बिखर चुका है। टीनशेड में जगह-जगह बड़े-बड़े होल बन चुके है। आसपास के दुकानदारों ने टीनशेड व दीवारों पर काफी संख्या में अपने होर्डिंग भी लगाए हुए है। अंडरपास में अवैध होर्डिंग्स से अटा हुआ है। अंडरपास की सफाई व्यवस्था पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अंडरपास की सड़क के किनारे व डिवाइडर पर हर समय कचरा जमा रहता है।

### प्रतिदिन दर्जनों कॉलोनियों व गांवों के लोग गुजरते

डबल फाटक अंडरपास का शिलान्यास 4 दिसंबर 2018 को किया गया था। अंडरपास बनने से फाटक के दूसरी ओर बसी करीब दो दर्जन कॉलोनियों व गांवों की आबादी को काफी राहत मिली। पहले यहां के लोगों को रेलवे लाइनों को पार करके शहर तक पहुंचना पड़ता था। फाटक बंद रहने के कारण लोग दिनभर जाम में ही फंसे रहते थे। केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने 17 सितंबर 2021 को अंडरपास का उद्घाटन किया था। रेलवे का काम पूरा होने के बाद दोनों ओर का निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग ने किया था, लेकिन इसके बाद से अंडरपास के रखरखाव पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे इसकी हालत बिगड़ती जा रही है।



रेवाड़ी। अंडरपास में अवैध होर्डिंग्स की भरमार। फोटो :हरिभूमि

### बरसात के सीजन में फिर होगी परेशानी

अंडरपास के शुरू होने के समय से ही बरसात के सीजन में जलभराव की बड़ी समस्या है। बरसात के पानी की निकासी के लिए रेलवे व प्रशासन की ओर से अभी तक कोई उचित प्रबंध नहीं किए है। तेज बरसात आने के बाद में अंडरपास में करीब 4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे लोगों को अंडरपास से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। काफी बार तो दो-पहिया वाहन चालक पानी में गिरकर चोटिल हो जाते है तथा उनके व्हीकल फंस जाते है, जिन्हे लोगों की मदद से निकाला जाता है। आगामी बरसात के सीजन में अंडरपास में फिर से जलभराव होने से परेशानी होगी।

## रेवाड़ी-धारूहेड़ा मार्ग पर स्पीड ब्रेकरों से परेशानी, वाहन चालकों को हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

रेवाड़ी-धारूहेड़ा मार्ग पर स्पीड ब्रेकरों की खराब स्थिति और सफेद पट्टियों का साइन मार्क नहीं होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अव्यवस्थित व जर्जर ब्रेकरों के कारण वाहन चालकों को हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है। गांव खरखड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश खरखड़ा ने वीरवार को मुख्यमंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री, मुख्य सचिव और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या के त्वरित समाधान की मांग की है। प्रकाश ने बताया कि धारूहेड़ा से रेवाड़ी मार्ग पर बस स्टैंड मसानी, ग्राम जोनावास, ग्राम हांसाका, फिदेड़ी मोड़ और पुलिस लाइन के पास बने कई स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं।

इन स्पीड ब्रेकरों कह बनावट तीन परतों वाली और सामान्य से अधिक ऊंची है। सामाजिक कार्यकर्ता ने पीडब्ल्यूडी विभाग से इन स्थानों पर सफेद पट्टियां बनाकर समस्या को प्राथमिकता देने की अपील की है, ताकि हादसों को रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है।





मार्ग पर बने ब्रेकर से निकलता बाइक सवार, मार्ग पर बने ब्रेकर से निकलते स्कूटी सवार।

## रेल कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

- रेल कर्मचारियों में भारत सरकार के विरूद्ध काफी रोष
- कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नेशनल फेडरेशन ऑफ रेल मेन के आह्वान पर भारतीय रेलवे में 17 से 21 मार्च तक विरोध सप्ताह मनाया जा रहा हैं। वीरवार को उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की रेवाड़ी शाखा के चेयरमैन अशोक यादव व शाखा सचिव शशि पूनियां के नेतृत्व में गाड़ी संख्या 20938 पर रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। रेल कर्मचारियों में भारत सरकार के विरूद्ध काफी रोष हैं। कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा हैं। कर्मचारियों ने प्रत्येक कर्मचारी को पुरानी पेंशन योजना के समान पेंशन लाभ देने व यूनिफाइड पेंशन योजना में आवश्यक सुधार करने, पदों के सृजन पर लगे प्रतिबंध को हटान व नए कार्यो के लिए नए पदों का सृजन करने, पदों का सरेंडर करना बंद करने तथा ट्रैकमैन्टैनेर संवर्ग की समस्याओं का निराकरण करने, रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर भत्ते के 70 प्रतिशत को आयकर के दायरे से बाहर रखने तथा कॉटेवाले संवर्ग में ट्रैकमैन्टैनेर की तर्ज पर रि-स्ट्रैक्चरिंग लागू करने, कम्यूटेड पेंशन को 15 साल की जगह 11 साल में री-स्टोर करने, रेलवे में सभी विभागों में 8 घंटे ड्यूटी करने, आठवें वेतन आयोग लागू होने से पूर्व संवर्ग पुनः संरचना लागू करने, ट्रैकमैन्टैनेर संवर्ग में ग्रेड पे-4200, सभी विभागों में अधिकतम ग्रेड 4600 के स्थान पर 4800 तथा सभी पर्यवेक्षक संवर्ग में ग्रेड पे-5400 लागू करने, तकनीशियन ग्रेड- सैकेंड व फर्स्ट का विलय करने, निजीकरण को बंद किया करने, सभी कर्मचारियों को रात्रि भत्ता व राष्टीय अवकाश भत्ते का भुगतान करने, रेल आवासों व कॉलोनियों की दयनीय स्थिति कराने तथा कर्मचारियों को बोनस भुगतान के लिए बोनस की गणना उनके वास्तविक वेतन पर करने की मांग की। इस मौके पर संदीप कुमार, राहुल यादव, लखनलाल, गोपाल यादव, महेश कुमार, हरीश कुमार,युवा विंग से विहा देवी, राजकुमार, राजेश सैनी, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, मुनेश देवी, मनीष राठौर व कृष्णपाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।




रेवाड़ी। मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### आईजीयू में विश्व गौरैया दिवस पर गतिविधियों का आयोजन

# छात्राओं ने पेड़ पर लगाए जलपात्र व घोंसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्राणी विज्ञान विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से वीरवार को विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञ अतिथि डा. आशा पूनिया सहायक प्रोफेसर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने गौरैया की घटती संख्या, उसके संरक्षण की आवश्यकता व विभिन्न खतरों और संरक्षण के लिए सुझाए गए उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता, जलपात्र प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी ने विद्यार्थियों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों से अपने जीवन में शिक्षा के साथ-साथ वातावरण को शुद्ध रखने की गतिविधियां अपनाने का आग्रह किया। प्राध्यापकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डा. श्रुति त्यागी, डा. प्रिया कुमारी, डा. दीप्ति, डा. अमित कुमार, डा. मोनिका यादव, डा. बलजीत यादव और डा. सुनील कुमार सहित विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में अपने पात्र दिखाते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। पेड़ पर पानी के पात्र व घोंसले लगाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## अश्लील हरकत करने वाले दोषी युवक को सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने नाबालिग का अपहरण कर अश्लील हरकतें करने और उससे जबरन जेवरात लेने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। शहर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 27 मार्च 2022 को उसकी नाबालिग बेटी लापता हो गई थी। शिकायत में एक युवक पर संदेह जताया था। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया था। नाबालिग ने अपने बयान में बताया था कि गौरव नाम के युवक ने उसके साथ कुछ समय पहले भी अश्लील हरकतें की थी और धमकी देना शुरू कर दिया था। आरोपी युवक ने उससे नकदी और जेवरात भी ले लिए थे। आरोपी युवक ने नाबालिग के कानों की झुमकी अपने एक साथी सागर से दे दी थी।

पुलिस ने आरोपी सागर को भी गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शहर थाने में पोक्सो एक्ट, धमकी देने और जबरन वसूली सहित विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दायर की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए।

विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित



अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।



### विश्व जल दिवस की शुरुआत

जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजे' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।



**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड

**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे- कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी




बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थानों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

उत्तर : दूध

## जीके क्विज-146

1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक

# कौए को भाया काला रंग



एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फूली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


सौम्य, बालोद


तक्षित, बिलासपुर


कुंजल, कोरबा


बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172



बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



**खबर संक्षेप**

## नाबालिग से अभद्र हरकत करने के आरोप में सरपंच पर कसे दर्ज




कोसली। क्षेत्र के गांव की एक नाबालिग लड़की ने गांव के सरपंच पर अभद्र हरकत करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। 11 वर्षीय नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मंगलवार प्रातः दूध लेने उनके घर आए सरपंच ने उसके साथ अभद्र हरकत की। इससे पूर्व जनवरी माह में भी सरपंच ने उसे घर में अकेला पाकर अभद्र हरकत की थी। शोर मचाने पर वह किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। नाबालिग के अनुसार सरपंच द्वारा अपनी गलती मानने के बाद उस समय उसके परिवार ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। मंगलवार को सरपंच उनके घर दूध लेने के लिए आया तो फिर से उसके साथ गंदी हरकत की। नाबालिग ने इसकी जानकारी अपनी मम्मी को दी तथा बुधवार को मां के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आरोपी सरपंच के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया अनाजमंडी का दौरा

# किसानी को बचाने के लिए संगठन गांव और घर तक पहुंचकर हरसंभव कदम उठाएगा

नाज मंडी स्थित किसान भवन में भाकियू चढ़ूनी संगठन की विस्तार बैठक आयोजित की गई






रेवाड़ी। यूनियन के सदस्यों व किसानों का संबोधित करते चढ़ूनी व अनाजमंडी में सरसों का जायजा लेते चढ़ूनी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को नई अनाज मंडी स्थित किसान भवन में भाकियू चढ़ूनी संगठन की विस्तार बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि अब तक किसान संगठन गांव और घर तक इसलिए नहीं पहुंच पाए कि हम आर्थिक रूप से संपन्न नहीं थे।

**एसकेएम अब दोफाड़**

उन्होंने कहा कि किसान और किसानी को बचाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के संगठन को गांव और प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिए हरसंभव कदम उठाया जाएगा। उन्होंने अनाज मंडी में किसानों से सरसों खरीद को लेकर बात भी की। चढ़ूनी ने कहा कि एसकेएम अब दोफाड़ हो चुका है, जिसका फायदा सरकार उठा रही है। अब अलग-अलग लड़ाई लड़ी जाएगी तो परिणाम इसी प्रकार से आएंगें। किसान भवन में आयोजित भाकियू संगठन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान समय सिंह ने सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी को विश्वास दिलाया कि वे अपने स्तर पर संगठन को मजबूत करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। इस बैठक में जिले में उक्त संगठन से जुड़े करीब दो दर्जन नए चेहरों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। चढ़ूनी ने कहा कि आगामी समय में संगठन को घर गांव तक पहुंचाने का हमारे सभी किसान इरादा रखते है। उन्होंने किसानी को बचाने के लिए युवाओं, भूमिहीन किसानों, खेती से संबंधित काम करने वाले शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी अपने संगठन से जोड़ने का जिला प्रधान से आग्रह किया। पुलिस की ओर से शंभू बॉर्डर को खाली करने का सवाल पर उन्होंने कहा कि हम वहां तीन बार गए मगर हमें धरने में शामिल नहीं किया गया। इसलिए इस पर मैं कुछ नहीं कहूंगा।

यूनियनों में गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसान आर पार की लड़ाई नहीं लड़ते, और जब तक किसान ऐसा नहीं करेंगे, तब तक उनको उनका हक नहीं मिलेगा। दिल्ली बॉर्डर पर लंबे समय के तक चले आंदोलन पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर देश में पाम ऑयल आना बंद होता है तो किसानों की सरसों का भाव 7 हजार रूपए क्विंटल तक मिलेगा। सरसों का तेल सबसे अच्छा है। यह बाजार में पचास फीसदी से अधिक पर कब्जा किए हुए है और इससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो रही है। चढ़ूनी ने ओलावृष्टि के बाद बीमा कंपनियों की मनमानी के सवाल पर कहा कि सरकार और बीमा कंपनियों की मिलीभगत की वजह से ऐसा हो रहा है। ऐसा नहीं हो तो किसानों को उनका हक मिले। किसानों की आर्थिक हालत सुधारने, पंजाब और हरियाणा में बेरोजगारी कम करने और युवाओं को किसानी और खेतीबाड़ी से जोड़ने के लिए कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के बाद ही युवाओं को खेती से जोड़ा जा सकता है।

**सरकार कुछ नहीं करना चाहती**

चढ़ूनी ने बताया कि केंद्र सरकार किसान नेताओं के साथ बातचीत के नाम पर फॉर्मेलिटी कर रही है। एक-एक महीने में किसान नेताओं के साथ बैठक हो रही है। सरकार कुछ करना ही नहीं चाहती थी। आंदोलन चलाने वाले नेता ही अब इसके परिणाम के बारे में बता पांएगें। चढ़ूनी ने कहा कि गन्ना वाले किसान सरसों वाले की मदद नहीं कर रहे और सरसों वाले गन्ना किसानों की। बस किसानों की इसी फूट का फायदा सरकार को मिलता है।



रेवाड़ी। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी का सम्मान करते हुए संगठनों के प्रतिनिधी।

## फरीदाबाद की नवनियुक्त मेयर जोशी को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने फरीदाबाद नगर निगम की नवनियुक्त मेयर प्रवीण बत्रा जोशी व उनके पति संदीप जोशी से मुलाकात करके बधाई दी। रेवाड़ी से नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, परशुराम शिक्षा समिति के प्रधान सत्य प्रकाश गौतम, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीपा भारद्वाज, सेवा भारती के कार्यकारी जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा, ब्राह्मण युवा संगठन के पूर्व महासचिव सतीश मुदगल व उपासना गुप्ता ने नवनियुक्त मेयर को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर बधाई दी।

इस मौके पर परशुराम शिक्षा समिति के प्रधान सत्य प्रकाश गौतम जी ने नवनियुक्त मेयर को शिक्षा समिति के वर्ष 2009 से अब तक की सभी उपलब्धियों से अवगत कराया तथा रेवाड़ी आने का निमंत्रण दिया। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### कृष्णा आर्या ने बेटियों में दिया संदेश

**नारनौल।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत शब्द यात्रा साहित्यिक समूह द्वारा उत्तराखंड के जिम कार्बेट सभागार में राष्ट्रीय साहित्यिक सम्मिलन 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के 42 शब्द यात्रियों ने वक्तव्य, कहानी, गीत, कविताएं एवं कहानियां प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का संयोजन शब्द यात्रा समूह की अध्यक्ष शारदा मित्तल एवं महासचिव प्रीती मिश्रा द्वारा किया गया।

# भ्रूण हत्या को सहन नहीं किया जाएगा : एसडीएम

- कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव ने वीरवार को अधिकारियों के साथ की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा करते एसडीएम विजय कुमार यादव।

कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव ने वीरवार को अधिकारियों के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बेटियों की जन्म दर को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को मिल कर प्रयास करने होंगे। कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को सामाजिक जागरूकता के दम पर ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोसली उपमंडल के कुछ गांवों में अभी भी लिंगानुपात की दर को बढ़ाए जाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसा पाप सामाजिक ही नहीं, कानूनी रुप से भी जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को बेटियों की रक्षा के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। लोगों को प्रेरित करें कि गर्भ में पल रहे शिशु के बेटा या बेटी होने की जांच ना कराएं। बेटी घर पर बोझ नहीं, अपितु हर परिवार का सम्मान होती हैं। हरियाणा सरकार ने लड़कियों के पालन-पोषण से लेकर उनकी पढ़ाई-लिखाई और विवाह तक के लिए आर्थिक सुरक्षा की कल्याणकारी योजनाएं लागू की हुई हैं।

**आंगनबाड़ी केंद्रों को दिए निर्देश**

एसडीएम ने कहा कि उपमंडल में आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं और छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित करें। मोटा अनाज व फल-सब्जियां खाने के लिए महिलाओं को जागरूक करें। नाहड़ अस्पताल के एसएमओ डा. मनीष ने बताया कि एमटीपी के मामलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले में दस एमटीपी सेंटरों को बंद करा दिया गया है। सीडीपीओ राधा यादव ने बताया कि कोसली उपमंडल में 143 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनमें से 28 को प्ले स्कूल के रुप में परिवर्तित किया जा चुका है। नाहड़ के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्राथमिक पाठशालाओं में 6 साल तक के बच्चों के लिए बाल वाटिका स्थापित की गई हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी स्कूलों में भाषण, पोस्टर मेकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। बैठक में नाहड़ के बीडीपीओ अनिल कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने तहसील बदलने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सतीश खोला को सीएम के नाम मांगपत्र सौंपते ग्रामीण।

गांव भठेड़ा के ग्रामीणों ने वीरवार को गांव को रेवाड़ी या डहीना तहसील में शामिल करने के लिए एचपीपीए कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है।

ग्रामीणो ने बताया कि गांव भठेड़ा के बुजुर्गो की पेंशन बुडौली में आती है, जबकि हमारे गांव के पास में पंजाब नेशनल बैंक मूंदी लगता है तथा गांव को मनेठी तहसील के साथ जोड़ा गया है,जोकि काफी दूर पड़ता है, इसलिए गांव को डहीना या रेवाड़ी तहसील में शामिल किया जाए। इस मौके पर धर्मवीर सरपंच, सुभाष चंद पूर्व सरपंच, अनूप नंबरदार, कमलेश पूर्व सरपंच, रमेश चंद पंच, कृष्ण शर्मा, संदीप कुमार, सुंदरलाल, देवी दयाल, महेश कुमार, अनिल कुमार, सत्यपाल सिंह, बलविंदर सिंह, विनय कुमार व बलजीत सहित अन्य मौजूद रहे।

*उपायुक्त ने सुनीं शिकायतें*

## समाधान शिविर से बढ़ रहा सरकारी सेवाओं के प्रति लोगों का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा

हरियाणा सरकार की जन केंद्रित पहल के तहत लघु सचिवालय सभागार में रोजाना समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई की जा रही हैं। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम सुरेंद्र सिंह व सीटीएम प्रीति रावत के साथ नागरिकों की समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, बिजली कटौती, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियां व परिवार पहचान पत्र अपडेशन की शिकायतें दर्ज कराई। डीसी ने कहा कि जनता की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाधान शिविर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। शिविर में ग्रामीण विकास, शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व व बैंकिंग से संबंधित शिकायतें भी दर्ज हुई, जिन्हें समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड भी किया गया ताकि निर्धारित समयावधि में संबंधित विभाग से फीडबैक भी लिया जा सके। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर का महत्व इस बात में निहित है कि यह प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को कम कर रहा है। यह न केवल शिकायतों के त्वरित समाधान का मंच प्रदान करता है, बल्कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ाता है।

## प्रशासन ने अकबरपुर की फिरनी में तोड़ा अवैध निर्माण, भारी पुलिस बल रहा तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



उपायुक्त के निर्देशानुसार पीडब्ल्यूडी विभाग ने अकबरपर गांव में अवैध निर्माण पर जेसीबी चलाई है। दुबारा अवैध निर्माण किया तो पुलिस कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया है। कार्रवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ नरेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा है। जानकारी के मुताबक अकबरपुर से शिमली जाने वाली सड़क के किनारे पर 22 फीट जमीन पंचायत तथा 11-11 फीट जमीन पीडब्ल्यूडी विभाग की लगती है। पंचायत ने आवश्यक औपचारिता पूरी करके अवैध निर्माण हटावा दिया था। उस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग को अवैध निर्माण होने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर सड़क मार्ग की पैमाइश कराई गई, जिसमें अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर आरोपितों को तीन-तीन नोटिस भेजकर अवैध कब्जा हटाने की हिदायत दी थी किंतु उन्होंने कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, इसके बाद स्थिति रिपोर्ट से उपायुक्त को अवगत कराया था। उन्होंने मामले की सुनवाई करने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग को तत्परता से पक्का कब्जा व अतिक्रमण को हटावाने के निर्देश दिए थे। साथ ही उपायुक्त ने बीएंडआर विभाग के एसडीओ नरेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए एसपी को पुलिस बल मुहैया कराने की हिदायत दी। शुक्रवार की सुबह विभागीय अधिकारी तथा पुलिस बल जेसीबी के साथ शिमली गांव में पहुंचे और अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया है।

## ग्रामीणों ने आश्रम के नाम पर अवैध वसूली के लगाए आरोप, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना सब डिवीजन के गांव मोडी में पंचायती जमीन पर बने भवन में पिछले करीब पांच वर्ष पूर्व शुरू किए गए सामाजिक संगठन द्वारा अवैध रूप से कब्जा करवाने के प्रयास किए जाने को लेकर वीरवार को की जाने वाली कब्जा कार्रवाई पुलिस सहायता न मिल पाने के कारण स्थगित हो गई। कनीना के बीडीपीओ नवदीप की ओर से पुलिस सहायता के लिए लिखा गया था। सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इससे पूर्व भी 19 जुलाई 2024, 27 जनवरी 2025, 30 जनवरी 2025 व 17 मार्च 2025 को चार बार पुलिस सहायता के लिए लिखा गया था। ग्राम सरपंच अनिता देवी ने बताया कि गांव मोड़ी निवासी पवन कुमार ने सत्य भारती स्कूल के भवन में अवैध रूप से संचालित किए गए 'बेसहारा शांतिकुंज अनाथ' आश्रम के जरिए एक एकड भूमि की चारदीवारी एवं उसमें बने आठ कमरे सहित बरामदे व टॉयलेट पर कब्जा कर वहां दर्जनभर व्यक्तियों को अनाथ बताकर रखा हुआ है। जबकि यह ग्राम पंचायत की मलकियत है। इस जमींन पर भारती फाउंडेशन की ओर से सत्य भारती नामक प्राईमरी स्कूल का संचालन शिक्षा-सत्र 2006-07 में किया था। उसके करीब दो वर्ष बाद उपरोक्त एनजीओ की ओर से बिना पंचायत की सहमति के अनाथ आश्रम का संचालन शुरू कर दिया।

**योजना** डीसी ने वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मुख्यमंत्री का संदेश सुनकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे शुरू, गरीब परिवार खुद सर्वे कर उठा सकते योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वीसी पर मुख्यमंत्री का संदेश सुनते डीसी अभिषेक मीणा व अन्य अधिकारी।

जिले में गरीब व आवासहीन परिवारों की पहचान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे शुरू कर दिया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अब कोई भी परिवार प्रदेश में आवासहीन नहीं होगा, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जा रहे हैं। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जारी की गई पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की पहली किश्त जारी कार्यक्रम से जुड़ने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी मीणा ने कहा कि जिले में अब कोई भी परिवार आवासहीन नहीं होगा। कि इस योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी आवासहीन ग्रामीण परिवार अपने मोबाइल से स्वयं कुछ प्रक्रिया को पूरी करके अपने घर का सर्वे कर सकता है और सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकता है। सर्वे करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपने मोबाइल में दो जरूरी एप डाउनलोड करनी होंगी। सर्वे करने के लिए आवास प्लस एप 2024 तथा चेहरे की पहचान के लिए आधार फेस आरडी एप के नाम से दो एप उपलब्ध हैं।

**पात्र परिवार उठाएं योजना का लाभ**

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिनके मकान कच्चे, टूटे हुए या मकानों में दरारें आई हुई हैं व खुद का पक्का घर नहीं है या जो वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद हैं, वे सभी परिवारों सर्वे कर इस योजना का लाभ जरूर उठाएं। परिवार की ओर से सर्वे किए जाने के बाद उस परिवार का सर्वे ऑनलाइन सर्वेयर को भेजा जाएगा, जिसके बाद गांव के लिए नियुक्त सरकारी सर्वेयर आपके घर का निरीक्षण करेगा और सत्यापन पूरा होने के बाद आवास योजना का लाभ उस परिवार को दे दिया जाएगा। डीसी ने सभी ग्रामीणों से अपने-अपने गांव के जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की अपील की है। इस अवसर पर जिला परिषद एवं जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व पीओअर्जुन गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**एप से सर्वे करने की पूरी प्रक्रिया**

जिला परिषद एवं जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सबसे पहले दोनों एप अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें। एप इनस्टॉल करने के बाद सबसे पहले सर्वे करने के लिए आवास प्लस एप 2024 खोलें। एप खोलकर सेल्फ सर्वे विकल्प चुनें। अपना आधार नंबर डालें और आगे बढ़ें। उसके बाद ई-केवाईसी को पूरा करें और अपनी सेल्फी लें और आंख झपकाएं ताकि ई-केवाईसी पूरी हो सके। अगले स्टेप में अपनी लोकेशन चुनें जैसे कि कौन सा राज्य, जिला, तहसील और गांव है। फिर लाभार्थी को सभी सदस्यों की जानकारी भरनी है। तत्पश्चात उस परिवार के मुखिया का आधार नंबर डालें, जिसका सर्वे करना है। सभी जरूरी जानकारी भरने के बाद सबमिट करें। इसके लिए नरेगा जॉब कार्ड अनिवार्य है। अगर किसी के पास नरेगा जॉब कार्ड नहीं हैं तो पहले नरेगा जॉब कार्ड बनवा लें। अगले स्टेप में लाभार्थी और मकान की फोटो लें। लाभार्थी की आखिरी सेल्फी लें। मकान की दो तस्वीरें लें, एक फोटो में जहां वह अभी रह रहा है और दूसरी फोटो में जहां नया मकान बनना है।

## पुलिस जवान का ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन

**रेवाड़ी।** जिले के गांव प्राणपुरा गोपालपुरा निवासी हरियाणा पुलिस के जवान देवेंद्र कुमार का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। गुरुग्राम के श्याम चौक पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही देवेंद्र कुमार यादव का मंगलवार शाम 6:15 बजे हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। देवेंद्र 2015 में सेना से रिटायर होकर 2016 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे तथा गुरुग्राम जिले में यातायात पुलिस कांस्टेबल के पद पर निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन कर रहे थे। बुधवार सुबह उनके पैतृक गांव प्राणपुरा उर्फ गोपालपुरा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



## खबर संक्षेप

### यादव कल्याण सभा का फ्री जांच शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में 23 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. रविराव मेडिसिन, डा. आर बी यादव हड्डीरोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. अजीत यादव बालरोग, डा. अनिल यादव दंतरोग व डा. कंचन यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह मरीजों को फिजियोथरेपी की फ्री सेवाएं प्रदान करेंगे।

### घर से ड्यूटी के लिए निकला कर्मचारी लापता

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा सोयायटी से कंपनी में ड्यूटी के लिए गया कर्मचारी लापता हो गया। धारूहेड़ा एम2के सोसायटी निवासी पिंकी ने धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को बताया कि उसका पति चरण सिंह राठी गुरूग्राम स्थित कंपनी रम्सन्स में काम करते है तथा 18 मार्च को सुबह 7:45 को ड्यूटी के लिए निकले थे, लेकिन वह कंपनी में नहीं पहुंचे और मोबाइल फोन भी नहीं उठा रहे है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के ट्रायल 23 को

**कोसली।** सातवीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन 29 मार्च से 30 मार्च तक चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में किया जा रहा है। चैंपियनशिप के लिए जिला रेवाड़ी के खिलाड़ियों के ट्रायल गांव कारोली के खेल मैदान में 23 मार्च को सुबह 9 बजे लिए जाएंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विशाल यादव व कोच विकास पूनिया ने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रणाम पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आए। 16 वर्ष से कम उम्र के किसी भी एथलीट को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।

### सीएचसी नाहड़ में आयुष्मान आरोग्य शिविर आज

**नाहड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में 21 मार्च को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिक अस्पताल रेवाड़ी के स्पेशलिस्ट डॉक्टर ओपीडी लेंगे। सीएचसी नाहड़ के प्रभारी डा. मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नागरिक अस्पताल रेवाड़ी से डा. सर्वेश आई सर्जन, डा. वंदना यादव गायनी, डा.शीतल, डा. जितेन्द्र ईएनटी व डा. पवन ओपीडी लेंगे। कैंप सुबह 10 बजे से शुरू किया जाएगा।

### सड़क दुघर्टना में बाइक चालक की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-रोहतक हाइवे पर मस्तापुर चौक के पास दुघर्टना में बाइक चालक की मौत हो गई। गांव चांदनवास निवासी सुंदर ने रोहड़ाई थाना पुलिस को बताया कि 19 मार्च को करीब दोपहर 2 बजे उसका भाई विक्रम सिंह जब बाइक से मस्तापुर चौक के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर रॉन्ग साइड में आ गया। विक्रम सिह ने अपनी बाइक को ट्रैक्टर से बचाया तो वह रोड पर खडे ट्रक से टकरा गया, जिससे उसको काफी गंभीर चोटे आई। चालक राजीव निवासी गांव गोपालपुर गाजी भी ट्रैक्टर को बचाते हुए रोड पर खडे ट्रक से टकरा गया, उसको भी चोटें लगी।

---

### हैफेड डीएम प्रवीण कुमार ने लिया सरसों खरीद का जायजा

# सूखी सरसों की आवक बढ़ी, हैफेड ने 59 किसानों की 1105 क्विंटल सरसों खरीदी

सरसों की खरीद के बाद 72 घंटे में जे फार्म भरने पर किसानों को पेमेंट की जाएगी।

- सरसों की खरीद एक मई तक की जाएगी। वीरवार को बावल व कोसली में सरसों की खरीद नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई अनाजमंडी में अब किसान सरसों को सुखाकर लाने लगे है, जिससे दो दिन से आवक बढ़ने के साथ सरसों की सरकारी खरीद भी रफ्तार पकड़ रही है। वीरवार को अनाजमंडी में 59 किसानों के गेटपास काटे गए। इन किसानों ने हैफेड ने 1105 क्विंटल सरसों की खरीद भी की। हैफेड की ओर से अभी तक तीन दिन में 98 किसानों से 1701 क्विंटल सरसों की 5950 रुपये एमएसपी पर सरकारी खरीद की जा चुकी है। हैफेड की ओर से 8 प्रतिशत तक नमी की सरसों की खरीद की जा रही है। इसके अलावा किसान 9 हजार क्विंटल से अधिक सरसों आढतियों को ओपन में बेच चुके है। नई अनाजमंडी में अभी भी काफी सरसों में नमी आ रही है। इन किसानों को सरसों को सुखाकर लाने को कहा जा रहा है। मौसम साफ रहने से सरसों की नमी भी धीरे-धीरे कम हो रही है। अनाजमंडी में खुले में सरसों का भाव 5400 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। इसके अलावा एक अप्रैल से गेहूं की 2425 प्रति क्विंटल एमएसपी पर सरकारी खरीद की जाएगी। जिले में इस सीजन में करीब 75000 हेक्टेयर में सरसों व करीब 33000 हेक्टेयर में गेहूं की बुआई की गई थी। एमएसपी पर सरसों बेचने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।





रेवाड़ी। अनाजमंडी में कर्मचारियों को निर्देश देते हैफेड डीएम प्रवीण कुमार व नई अनाजमंडी में फड पर सूखती सरसों। फोटो : हरिभूमि

**एक मई तक होगी सरसों की खरीद**

वीरवार को हैफेड डीएम प्रवीण कुमार ने हैफेड मैनेजर मनोज कुमार, एसओ अमरजीत, परचेजर राजबीर सिंह व अनिल कुमार के साथ अनाजमंडी का दौरा भी किया। सरसों की खरीद के बाद 72 घंटे में जे फार्म भरने पर किसानों को पेमेंट की जाएगी। रेवाड़ी में हैफेड तथा बावल, कोसली व कंवाली में हरियाणा स्टेट वेयरहाउस की ओर से सरसों की खरीद की जाएगी। हैफेड डीएम ने कहा कि किसान सरसों को सुखाकर लाए, ताकि उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। सरसों की खरीद एक मई तक की जाएगी। वीरवार को बावल व कोसली में सरसों की खरीद नहीं हो पाई।

**अच्छी गुणवत्ता की सरसों लाएं**

हैफेड डीएम प्रवीण कुमार ने कहा कि किसान सरसों को मंडी में अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके लाएं। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 8 प्रतिशत तक नमी की सरसों को ही खरीदा जाएगा। सरसों में ज्यादा नमी, खराब गुणवत्ता, मिट्टी, पत्थर व कचरा व अन्य पदार्थ मिलते है तो खरीद नहीं की जाएगी। सरसों में तोरिया व अन्य मिलावट दो प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। दाने कटे हुए व झुलसे हुए दो प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

---



रेवाड़ी। कुलपति जेपी यादव को सम्मानित करते नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए आईजीयू कुलपति को किया सम्मानित

- छात्र-छात्राओं के मुद्दों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नंबरदार एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने वीरवार को आईजीयू मीरपुर के कुलपति प्रो. जेपी यादव का विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मान किया।

इस संबंध में वीरवार को बाल भवन परिसर में बुलाई गई नंबरदार एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया था।

एसोसिएशन के जिला प्रधान उदयराज राव नंबरदार और कॉपरेटिव सोसायटी ततारपुर के उप प्रधान जोगेंद्र राव ने कुलपति को सम्मानित किया। प्रधान उदयराज नंबरदार ने बताया कि कुलपति ने पद ग्रहण करने के बाद विश्वविद्यालय की चारदीवारी कराई। छात्र-छात्राओं के मुद्दों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के परिसर के अलावा आस-पास के गांवों में हरियाली को महत्व देते हुए 50000 से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। कुलपति यादव ने विवि के लिए प्रशासनिक भवन, सभागार भवन, अतिथि गृह और राव तुलाराम द्वार की मंजूरी दिलाई। कुलपति ने कई विभागों में यूजी स्तर के नए कोर्स शुरू कराए। इस मौके अर्जुन सिंह जिला उप प्रधान, रेवाड़ी तहसील प्रधान जसवंत सिंह, उप प्रधान धर्म सिंह, जिला महासचिव धर्मवीर यादव, कार्यकारिणी सदस्य बलबीर सिंह, चंद्रसेन, सुंदरलाल, मोतीलाल, रवींद्र सिंह, चौधरी रामकिशन, रूपचंद, दीवान सिंह, रणवीर सिंह, ओमप्रकाश व मांगेलाल सहित अनेक नंबरदार मौजूद थे।

---

## एनएसएस कैंप का किया शुभारंभ

- कैंप में छात्र व छात्रा ईकाई से 50-50 स्वयंसेवक भाग ले रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



रेवाड़ी। एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटोः हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय बावल की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रा ईकाई का सात दिवसीय विशेष कैंप का शुभारंभ प्राचार्या डा. नमिता ने किया। कॉलेज की ओर से कैंप बावल के आनंद नगर मोहल्ला में लगाया जा रहा है। कैंप में छात्र व छात्रा ईकाई से 50-50 स्वयंसेवक भाग ले रहे है। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा की इस प्रकार के कैंप से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है व समाज के प्रति अपनी विशेष जिम्मेदारियों को निभाने का अहसास पनपता है। वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डा. इन्द्रजीत सिंह ने सात दिवसीय कैंप के शुभारंभ पर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंप छात्रों और शिक्षकों के बीच स्वैच्छिक कार्य की भावना को विकसित करते है। कार्यक्रम अधिकारी सुदेश देवी छात्र ईकाई व डा. बबीता छात्रा ईकाई ने सात दिवसीय कैंप की रूपरेखा बताई। उन्होंने बताया कि कैंप में आनंद नगर मोहल्ले की साफ-सफाई व आमजन जीवन तक रैलियों के माध्यम से ड्रग्स निषेध, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक विषयों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर डा. निशा, ऊषा कुमारी, विरेन्द्र राठी, सुरेन्द्र कुमार व डा. रेखा यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### सरकारी लेनदेन करने वाले बैंक 31 को मध्य रात्रि तक खुलेंगे

**रेवाड़ी।** वित्तीय वर्ष 2024-2025 के समापन पर सरकारी राशि का लेनदेन करने वाले विभिन्न बैंक व कोषागार देय भुगतान प्राप्त करने एवं वितरित करने के लिए 31 मार्च को मध्यरात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। डीसी ने पंजाब वित्तीय नियम भाग-1 के नियम 3.40 नोट (5) एवं 3.65 (ए) अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। जिले की बैंक शाखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रेवाड़ी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बावल व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोसली, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक रेवाड़ी, ट्रेजरी कार्यालय, सब-ट्रेजरी कार्यालय बावल तथा सब-ट्रेजरी कार्यालय 31 मार्च को मध्य रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे।

## स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया

- नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रहने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़



रेवाड़ी। गांव में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की एनएसएस यूनिट के गांव जुड्डी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर रैली का आयोजन किया। एनएसएस प्रभारी प्रियंका कुमारी के तत्वावधान में एनएसएस वॉलेंटियर्स ने लोगों को बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे व बेटी को जो दे पहचान वही माता-पिता महान सहित अनेक स्लोगनों के माध्यम से संदेश दिया। वॉलेंटियर्स लिपिका, प्रिया व करिश्मा की टीम ने नशा मुक्ति पर एक नुक्कड़ नाटक भी पेश किया, जिसमें उन्होंने युवाओं को सिगरेट, बीड़ी एवं अन्य नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल मानसिक नहीं बल्कि शारीरिक रूप से स्वास्थ्य के लिएहानिकारक होता है। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों सहित सहायक प्रोफेसर डा. सुषमा सुमन, शिवांगी, बबीता एवं अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

## सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश

**कोसली।** एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि उपमंडल में सार्वजनिक या पंचायती भूमि पर नाजायज कब्जा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है तो उसे तुरंत प्रभाव से खाली कर दे। एसडीएम ने कहा कि गांव झोलरी, रतनथल और अहमदपुर में अवैध कब्जे छुड़वाए जा चुके हैं। इन गांवों में पुलिस की टीमें साथ लेकर पंचायत अधिकारियों ने पंचायती भूमि को खाली कराया गया है। अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें अभी भी प्रशासन को मिल रही हैं। जिन लोगों ने सार्वजनिक भूमि पर नाजायज कब्जा किया हुआ है, वे पहल करते हुए स्वतः उसे हटा दें, अन्यथा प्रशासन को पुलिस कार्रवाई करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि को आम लोगों की सुविधा के लिए खाली रखा जाता है, जिससे कि आवागमन सुगम हो या फिर उन पर विकास कार्य कराए जा सकें।



एसडीएम विजय कुमार यादव।

किसी भी सरकारी जमीन पर नाजायज कब्जा करना न्यायोचित नहीं है। इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई छूट नहीं दी जाएगी।

## एलिगेंट हाइट सोसाइटी की आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के गढी बोलनी रोड स्थित सेक्टर-26 की एलिगेंट हाइट्स सोसायटी के चुनाव में निर्विरोध आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी का गठन किया गया।

एलिगेंट हाइट सोसाइटी के पहली बार चुनाव 6 अप्रैल को होने थे। 20 मार्च को नामांकन वापस लेने की समय सीमा निर्धारित थी। इसके बाद आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। एलिगेंट हाइट्स आरडब्ल्यूए के प्रधान के लिए विनय सागर, उप प्रधान सुविधा सिन्हा, सचिव अनामिका, सह सचिव गजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष नीली किसनानी तथा सदस्य अमित कुमार, मंजू यादव, निशा बंसल, प्रभा रानी व नैना सिंगल को निर्विरोध चुना गया। चुनाव परिणाम जारी करते हुए चुनाव अधिकारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि चुनाव के लिए केवल 11 नाम आए थे, जिसमें प्रधान पद का एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लेने के कारण चुनाव नहीं हो सके, जिसके चलते निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा की गई।



रेवाड़ी। एलिगेंट हाइट्स सोसायटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अश्लील मैसेज भेजने वाले युवक को तीन साल की सजा

- जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी

**रेवाड़ी।** फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने नाबालिग का पीछा करने और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। खोल थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 17 जुलाई 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि पिछले 2 महीने से गांव दखौरा निवासी हरपाल उसकी नाबालिग बेटी को परेशान कर रहा है। उसकी बेटी जहां भी जाती है, आरोपी उसका पीछा करता है और गलत हरकतें भी करता है। आरोपी ने उसकी बेटी के मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से अश्लील मैसेज भी भेजे हैं। महिला की शिकायत पर खोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ, छेड़छाड़, धमकी देने, पोक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया था और जांच के बाद अदालत में चार्जशीट दायर की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए।

---

## माता मसानी का उत्सव मनाया

- भंडारे, धार्मिक सॉन्ग तथा मेले का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

गांव नाहड़ में ग्राम वासियों एवं कमेटी सदस्यों की ओर से माता मसानी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भंडारे, धार्मिक सॉन्ग तथा मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए हुए श्रद्धालुओं ने माता मसानी से आशीर्वाद लिया।

पंडित अरविंद शर्मा तथा गोविंद कौशिक ने हवन सम्पन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। राजस्थान से आए प्रसिद्ध सांगी बाबू दानसिंह तथा पार्टी की ओर से धार्मिक सॉन्ग पेश किए।



रेवाड़ी। मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब 6 साल से माता के धाम पर जागरण व मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दुष्यंत चेयरमैन, सरपंच महेंद्र सिंह, कमेटी प्रधान प्रदीप शेखावत, जवान सिंह मेहरा, दीपक शर्मा, कल्याण सिंह, धीरसिंह, दिलीप सिंह, बिजेंद्र कौशिक, बिरजू ठेकेदार, रामकुमार, प्रताप सिंह, कुलदीप, पीटीआई सज्जन सोनी, अतर सिंह, नरसिंह, रामेहर, चमन गर्ग, मुकेश गर्ग, सुरेश शेखावत व राजेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

**दोहरीकरण कार्य** उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने जानकारी दी

# मनहेरू व भिवानी रेलवे स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण ट्रेनें रद

दोहरीकरण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बीकानेर मंडल पर रेवाड़ी-हिसार रेलखंड के मनहेरू एवं भिवानी जंक्शन के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी।

**इन रेलसेवाओं का रहेगा मार्ग**

**रद व आंशिक रद रेलसेवाएं**

गाड़ी संख्या 59632 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 21 अप्रैल से 10 मई तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 59631 हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा 22 अप्रैल से 11 मई तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14117 प्रयागराज जंक्शन-भिवानी रेलसेवा 1 मई से 8 मई तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14118 भिवानी-प्रयागराज जंक्शन रेलसेवा 30 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14117 प्रयागराज-भिवानी रेलसेवा 21 अप्रैल से 30 अप्रैल एवं 9 मई से 11 मई तक प्रयागराज से प्रस्थान करके भिवानी सिटी तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा भिवानी सिटी-भिवानी के मध्य आंशिक रद रहेगी।

**परिवर्तितः** गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाइपास-रोहतक-शकूरबस्ती-दिल्ली होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी, रोहतक व झज्जर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14030 मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक मेरठ कैंट से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली-शकूरबस्ती-रोहतक-भिवानी बाइपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन झज्जर, रोहतक व भिवानी सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 12555 गोरखपुर- बठिंडा रेलसेवा 21 अप्रैल से 25 अप्रैल व 4 मई से 10 मई तक गोरखपुर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रोहतक-भिवानी बाइपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12556 बठिंडा-गोरखपुर रेलसेवा 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तथा 5 मई से 11 मई तक बठिण्डा से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाइपास-रोहतक होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12555 गोरखपुर-बठिंडा रेलसेवा गोरखपुर से 26 मार्च से 3 मई तक एवं गाड़ी संख्या 12556 बठिंडा-गोरखपुर रेलसेवा बठिंडा से 27 अप्रैल से 4 मई तक रद रहेगी।